Publication:	Kalinga Bharati	Edition:	Bhubaneshwar
Published Date:	26 Sep 2015	Page No.:	3
		Display:	1/1

टीसीएस आईटी वीज का विजेता बना साइ इंटरनेशनल स्कूल

भुवनेश्वर,२५.०९: टीसीएस की ओर से आयोजित टीसीएस आईटी वीज-२०१५ के भुवनेश्वर एडीशन साई इंटरनेशनल स्कूल ने जीता। इस प्रतियोगिता में आठवीं से लेकर १२वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। साई इंटरनेशनल के विद्यार्थी संप्रीति किरन और अक्षय प्रणीत ने इस साल के क्षेत्रीय चौंपियन् बने हैं। उन्हें पुरस्कार स्वरूप आई-पैड एयर प्रदान किया गया। वहीं डीएवी यूनिट-८ के सपनदान दास और शिव प्रसाद रेडी उप विजयी रहे। उन्हें आइ-पैड मिनी से पुरस्कृत किया गया। बीजू पटनायक यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के उपकुलपति श्याम सुंदर पटनायक ने विजेताओं को सम्मानित किया। मौके पर टीसीएस के भुवनेश्वर सेंटर प्रमुख मनोज पंडा उपस्थित थे।